# बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड

An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company

बिहार सरकार का एक उपक्रम

वेबसाइट: www.bsbccl.bih.nic.in

BSBCCL

## BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD.

An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company

A Government of Bihar Undertaking

Website: www.bsbccl.bih.nic.in

Build Green, Live Green!
CIN:U45200BR2008SGC013513

पत्रांक : बी0एस0बी0सी0सी0एल0–99/2016–परामर्शी सेवा                    दिनांक :      /10/2016

प्रेषक,

**अमृत लाल मीणा,**
प्रबंध निदेशक,

सेवा में,

**उप महाप्रबंधक**
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0,
परियोजना कार्यान्वयन इकाई,
पटना।

**विषयः–माह सितम्बर, 2016 तक की समीक्षात्मक टिप्पणी।**

महाशय,

माह सितम्बर, 2016 तक परियोजना कार्यान्वयन इकाई पटना के अन्तर्गत योजनाओं की निगम स्तर पर समीक्षा की गयी। समीक्षात्मक टिप्पणी निम्नवत् है।

**2. भौतिक प्रगति**

**(i) PHC to CHC उत्क्रमण का कार्यः**

इस योजना के अन्तर्गत 28 अद्द कार्य कराये जाने थे। इन में से 21 अदद कार्य पूर्ण किये जा चुके है तथा 04 अदद प्रगति में है।

**(ii) 550 परम्परिक गोदाम निर्माण की योजनाः**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 43+71=114 अदद पारम्परिक गोदाम निर्माण की योजना का कार्यान्वयन कराया जाना था। इन योजनाओं में से 29 अदद योजनाएँ स्थगित की गयी है। शेष 85 अदद योजनाओं में से 24 अदद योजनाएँ पूर्ण की जा चुकी है, 01 अदद योजनाएँ प्रगति में है तथा 02 अदद योजना के लिये स्थल अनुपलब्ध है।

**(iii) 144 PEB गोदाम निर्माण योजना :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 20+6=26 अदद PEB गोदाम का निर्माण कार्य करना था। अब तक 02 अदद योजना पूर्ण हो गयी है। 08 अदद स्थलों पर योजना के प्रगति में तथा 12 जगह स्थल उपलब्ध नहीं रहने की सूचना दी गयी है तथा प्रशासी विभाग द्वारा 04 अदद योजना स्थगित की जा चुकी है।

**(iv) प्रेस क्लब का निर्माण कार्य :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 05 अदद प्रेस क्लब के निर्माण कार्य की योजना का कार्यान्वयन कराया जा रहा है। इन योजनाओं में से 02 अदद योजना का कार्य पूर्ण होने तथा 03 अदद योजना की प्रगति में रहने की सूचना दी गयी है।

**(v) पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की योजना :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 08 अदद पशु चिकित्सालय का निर्माण किया जाना है। इन योजनाओं में से 03 अदद योजना पूर्ण, 02 अदद प्रगति में तथा 03 अदद योजना के लिए स्थल अनुपलब्ध रहने की सूचना दी गयी है।

**(vi) कला, संस्कृति एवं युवा विभाग :**

इस योजना कुल 21 अदद योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु आपको दिया गया है। इन योजनाओं में से अब तक 15 अदद योजनाएँ पूर्ण की जा चुकी है, 02 अदद योजनाएँ प्रगति पर है, 01 अदद योजना की प्रशासनिक स्वीकृति अप्राप्त है तथा 03 अदद योजनाएँ प्रशासी विभाग द्वारा विभिन्न कारणों से स्थगित है।

**(vii) कृषि विभाग की योजना :**

इस विभाग के लिये 03 अदद बर्किंग स्टैण्डर्ड माप तौल प्रयोगशाला का निर्माण कार्य की योजना दी गयी थीं इनमें से 01 अदद योजना पूर्ण हो चुकी है तथा 02 अदद योजना प्रगति में है।

**(viii) बिहार राज्य बीज निगम :**

इस विभाग की 07 अदद योजनाओं का कार्यान्वयन कराने का कार्य आपको दिया गया था। इनमें से 06 अदद योजनाएँ पूर्ण की जा चुकी है। शेष 01 अदद कार्य कुदरा में आधारभूत संरचना के प्रथम चरण का कार्य प्रगति में पाया गया। इस कार्य की प्रगति बहुत धीमी पायी गयी। इस योजना को पूर्ण करने के लिये गति लाई जाये।

**(ix) बीज प्रमाणण एजेन्सी :**

इसके अनतर्गत कुदरा में 01 अदद योजना का निर्माण करना था योजना पूर्ण हो चुकी है।

**(x) विधि विभाग :**

इस विभाग की 06 अदद योजनाएँ कार्यान्वियन हेतु आपको दी गयी है। इन योजनाओं में से 05 अदद योजनाएँ पूर्ण की जा चुकी है। व्यवहार न्यायालय परिसर में संयुक्त न्यायालय भवन का कार्य प्रगति में है।

**(xi) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग :**

इसके अन्तर्गत 04 अदद न्यायालय निर्माण का कार्य आवंटित किया गया था। इनमें से 03 अदद कार्य पूर्ण हो चुके हैं। अनुमेडल कार्यालय बाढ़ में NOC अप्राप्त रहने के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है।

**(xii) सिविल विमानन निदेशालय :**

इस विभाग की 03 अदद योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु आपको दिया गया हैं तीनों कार्यों का कार्यावंटन आदेश दिनांक–28.07.2016 को दी जा चुकी हैं आपके द्वारा अब तक एकरारनामा नहीं किया गया हैं शीघ्र एकरारनामा सम्पन्न कर कार्य आरम्भ करें।

**(xiii) समाज कल्याण विभाग :**

इस विभाग की 04 अदद योजनाओं का कार्यान्वियन कराया जाना था। इनमें से 02 अदद योजनाएँ पूर्ण हो चुकी हैं शेष 02 अदद योजनाएँ प्रगति में है।

**(xiv) अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग :**

इस विभाग की 06 अदद योजनाएँ आपको कार्यान्वयन हेतु दिया गया था। इन योजनाओं में से 02 अदद योजना पूर्ण हो चुकी है। 03 अदद योजना प्रगति में है तथा 01 अदद योजना मनोरमा देवी रामरती पटेल डिग्री महाविद्यालय भभुआ का कार्य स्थल अनुपलब्ध रहने के कारण स्थगित है।

**(xv) उद्योग विभाग :**

इस विभाग की 01 अदद योजना पूर्व में ही पूर्ण हो चुकी है।

**(xvi) अल्पसंख्यक कल्याण विभाग :**

इस विभाग की 02 अदद योजनाएँ आपको कार्यान्वयन कराने के लिये दी गयी थी। इनमें से कोई भी योजना अब तक पूर्ण नहीं हो सकी है। सलेमपुर बाढ़ में मैरेज हॉल तथा शॅपिंग कम्पलेक्स का कार्य लम्बे समय से फिनिशिंग पर प्रतिवेदित किया जा रहा है। आप 30 नवम्बर 2016 तक दोनों कार्य को हर हाल में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**(xvii) ग्रामीण विकास विभाग :**

इसके अन्तर्गत रेड क्रॉस भवन के सुजज्जीकरण एवं विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका हैं नोडल पदाधिकारियों की बैठक में यह निर्णय हुआ था कि इस पूर्ण योजना के फर्नीचर तथा विद्युत के सभी कार्य की एक सूची तैयार कर रेड क्रॉस के प्राधिकृत पदाधिकारी को हस्तगत कराना था। यदि अब तक हस्तगत नहीं कराया गया है तो एक सप्ताह के अन्दर हस्तनान्तरण की प्रक्रिया पूर्ण कर उसकी सूचना देना सुनिश्चित करें। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा इसकी तिथि दिनांक–18.10.2016 को 2:00 बजे निर्धारित की गयी है।

**(xviii) दशरथ मांझी श्रम संसाधन एवं अध्ययन संस्थान :**

इस योजना की प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयीं कृपाया टाईम लाईन तैयार कर योजना को शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**(xix) विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग :**

बिस्कोमान टावर में 02 अदद विश्वस्तरीय लिफ्ट का निर्माण कार्य की योजना प्रगति में है।

**(xx) वाणिज्य कर विभाग :**

नये सचिवालय स्थित विभिन्न प्रकोष्ठों का आन्तरिक साज–सज्जा, सौन्दर्यीकरण एवं फर्नीचर का कार्य प्रगति में है। वाणिज्य कर विभाग के पदाधिकारी से मिलकर शीघ्र कमरा संख्या–29 का कार्य पूर्ण करें।

**(xxi) वित्त विभाग :**

पुराना सचिवालय स्थित वित्त विभाग के कार्यालय का साज–सज्जा, सौन्दर्यीकरण एवं फर्नीचर का कार्य पूर्ण हो चुका है।

**(xxii) बुनियाद केन्द्र का निर्माण कार्य :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 02 अदद बुनियाद केन्द्र पुराने भवनों के जीर्णोद्धार कर तैयार किया जाना था। दोनों योजनाएँ पूर्ण की जा चुकी है।

**(xxiii) इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लि0 :**

इसके अन्तर्गत बेलट्रॉन भवन में आन्तरिक साज–सज्जा आदि के कार्य को आवंटित किया जा चुका है। कार्य प्रगति में है।

**(xxiv) 98 कौशल विकास केन्द्र का निर्माण :**

इस योजना के कार्यान्वयन में आपकी प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयी। 15 अक्टूबर, 2016 तक योजना को हर हाल में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

उपर्युक्त सभी कार्यों का भौतिक प्रतिवेदन आपके द्वारा न ही प्राप्त हो रहा है और नही कार्यों का कोई टाईम लाईन दिया गया हैं इस कारणवश कार्यों के भौतिक प्रगति की समीक्षा नहीं हो सकी है। वैसी योजना जिसके लिये स्थल उपलब्ध नहीं है तथा उसके लिये स्थल उपलब्ध होने की कोई सम्भावना नहीं है, उन्हें रद्द करने का प्रस्ताव दिया जाये।

प्रत्येक माह के 25 तारीख तक का प्रगति प्रतिवेदन निश्चित रूप से उस माह के 25 से 30 तारीख के बीच प्रोजेक्ट मैनेजर को उपलब्ध करा दें। परिक्षेत्राधीन कार्यों के अवशेष कार्य की योजना का टाईम लाईन सम्वेदक की सहमति से तैयार कर उनसे हस्ताक्षरित कराकर निगम को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अगले प्रगति प्रतिवेदन में टाईम लाईन के अनुरूप भौतिक तथा वित्तीय लक्ष्य तथा उपलब्धि प्रतिवेदन में अंकित किया जाये।

**2. <u>वित्तीय प्रगति</u>**

परिक्षेत्राधीन कार्यान्वित कुल 320 अदद योजनाओं के एकरारित ₹50075.48 लाख के विरूद्ध अब तक कुल ₹21544.50 लाख का व्यय किया गया है। इस प्रकार आपकी वित्तीय उपलब्धि मात्र 43% है जो बहुत कम है।

**3. पी0एम0आई0एस0 एवं प्रबंधन :**

आपके द्वारा कार्य का फोटोग्राफ गैलरी में upload नहीं किया जा रहा है। चालू वित्तीय प्रगति update नहीं किया गया है। सभी सूचनाएँ PMIS पर अद्यतन किया जाये।

**4. <u>मासिक लेख :</u>**

वर्ष 2016–17 के प्रथम तिमाही लेखा 03 माह से अधिक की अवधि व्यतीत हो जोने के बावजूद भी निगम मुख्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया है। कृपया शीघ्र प्रथम तिमाही का लेखा उपलब्ध करावें। अगले माह से प्रत्येक माह का मासिक लेखा महाप्रबंधक (वित्त) को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**5. <u>गुण नियंत्रण :</u>**

आपके परिक्षेत्राधीन गुण नियंत्रण प्रयोगशाला पूर्व से स्थापित है किन्तु इस प्रयोगशाला में जाँच किये गये नमूनों का जाँच फल निगम को अब तक अप्राप्त है। अगले माह से प्रयोगशाला में जितने भी जाँच किये जाएँ उसके जाँचफल की एक प्रति महाप्रबंधक (गुण नियंत्रण) को उपलब्ध कराया जाये।

**6. <u>पूर्ण कार्यों का अन्तिम विपत्र :</u>**

परियोजना कार्यान्वयन इकाई, पटना को प्राप्त कुल 355 अदद योजनाओं में से 282 अदद योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जा रहा है। कार्यान्वित इन 282 अदद योजनाओं में से 148 अदद योजनाएँ अब तक पूर्ण हो चुकी है। पूर्ण योजनाओं का यदि अन्तिम विपत्र तैयार कर लिया गया है तो इसकी सूचना दी जाये तथा अन्तिम विपत्र के अनुसार कार्य की लगत राशि बताया जाये। यदि पूर्ण योजनाओं का अन्तिम विपत्र तैयार नहीं किया गया है तो अन्तिम विपत्र शीघ्र तैयार करना सुनिश्चित करें।

उपर्युक्त के परिपेक्ष्य में आपके परियोजना कार्यान्वयन इकाई का कार्य–कलाप सामान्य कहा जा सकता है। आपको संवेदनशील होने एवं योजनाओं का ससमय पूर्ण कराने के प्रयास करने की आवश्यकता है। आपको निर्देश है कि सभी विन्दूओं पर तीन सप्ताह के अन्दर की गयी कार्रवाई से सम्बन्धित (Action taken report) प्रतिवेदन समर्पित किया जाये।

विश्वासभाजन

ह0/–

**(अमृत लाल मीणा)**

ज्ञापांकः– 2610 दिनांकः– 07/10/2016

प्रतिलिपि : मुख्य महाप्रबंधक, सभी महाप्रबंधक, संबंधित पी0आई0यू0 के उप महाप्रबंधक, परियोजना प्रबंधक, आई0टी0 मैनेजर, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6.7.16

**(अमृत लाल मीणा)**